राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–310/2023

राज्यपाल ने ट्रांसजेन्डर रेशमा प्रसाद को पटना विश्वविद्यालय के सीनेट का सदस्य मनोनीत किया

पटना, 06 दिसम्बर, 2023 :– माननीय राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने ट्रांसजेन्डर रेशमा प्रसाद को बिहार के सबसे प्रतिष्ठित पटना विश्वविद्यालय के सीनेट का सदस्य मनोनीत किया है। उनका मनोनयन तीन वर्षों के लिए किया गया है।

ट्रांसजेन्डर शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं और राजभवन, बिहार उनके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है। रेशमा प्रसाद के सीनेट का सदस्य होने पर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ट्रांसजेन्डर की समस्याएँ सामने आ सकेंगी और उनके समाधान के बेहतर प्रयास किये जा सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि रेशमा प्रसाद ट्रांसजेन्डर्स के कल्याण एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए विगत कई वर्षों से लगातार प्रयासरत हैं तथा इस हेतु उन्होंने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर अनेक उल्लेखनीय कार्य किये हैं।

....